**आईसीएमआर- राष्ट्रीय ट्रांसलेशनल वायरोलॉजी एवं एड्स अनुसंधान संस्थान**

*(पूर्व का नाम -* आईसीएमआर-राष्ट्रीय एड्स अनुसंधान संस्थान)

73, जी ब्लॉक, एमआईडीसी, भोसरी, पुणे 411026

आईसीएमआर–एनआईटीवीएआर / 001–2025 दिनांक : 15.07.2025

**आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर, पुणे में परामर्शक (हिंदी अनुवादक) की नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है । आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर, पुणे में परामर्शक (हिंदी अनुवादक) के पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त केंद्रीय/राज्य/स्वायत्त/पीएसयू कर्मचारियों से निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक-1) में **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार ।

| | पद का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | परामर्शक ( हिंदी अनुवादक ) | 01 |

2. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2025 तक है।

3. आवश्यक पात्रता मानदंड और अन्य सामान्य नियमों और शर्तों के लिए कृपया ICMR-NITVAR की वेबसाइट https://www.nari-icmr.res.in/औरwww.icmr.nic.in देखें और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया https://www.nari-icmr.res.in/ पर जाएं ।

**निदेशक**

# आईसीएमआर- राष्ट्रीय ट्रांसलेशनल वायरोलॉजी एवं एड्स अनुसंधान संस्थान

*(पूर्व का नाम -* आईसीएमआर-राष्ट्रीय एड्स अनुसंधान संस्थान)

73, जी ब्लॉक, एमआईडीसी, भोसरी, पुणे 411026

दिनांक: 24.06.2025

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, जो कि चिकित्सा विज्ञान विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन है, के तत्वावधान में आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर, पुणे में परामर्शदाता (प्रशासन – हिंदी) की नियुक्ति के लिए विज्ञापन।स्वास्थ्य अनुसंधान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार आईसीएमआर मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली में परामर्शदाता (हिंदी) के पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त केंद्रीय/राज्य/स्वायत्त/पीएसयू कर्मचारियों से निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-1) में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र.सं. | पद का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | परामर्शक ( हिंदी अनुवादक ) | 01 |

2. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2025 तक है।

3. चयनित अभ्यर्थी को आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर, पुणे में तैनात किया जाएगा।

4. आयु: आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को 63 वर्ष से कम।

5. पात्रता मानदंड: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में या डिग्री स्तर पर परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी या हिंदी के साथ हिंदी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री के साथ वेतन लेवल 6 या 7 ( पूर्व संशोधित 4200/- एवं 4600/- रूपये) या उससे उपर वेतन लेवल में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ हिंदी अनुवादक या सहायक निदेशक(रा.भा)/हिंदी अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी ।

**वांछनीय:** अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य करने का कम से कम 10 से 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

6. पारिश्रमिक एवं पात्रता : पारिश्रमिक आईसीएमआर फाइल संख्या 20/01/24-हिंदी दिनांक 12.08.2024 के अनुसार 50,000/- रुपये (पचास हजार रुपये मात्र) देय होगा।

7. परामर्शक पद के लिए नियुक्ति की अवधि : सामान्यत एक वर्ष से अधिक नहीं होगी जिसे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। दो वर्ष से अधिक की अवधि के लिए यदि पर्याप्त औचित्य मौजूद होने और कार्य की समीक्षा तथा अनुबंध पर नियुक्त व्यक्ति के प्रदर्शन के आधार पर अवधि बढ़ाई जा सकती है।

8. परामर्शक किसी अन्य मानदेय या भत्ते जैसे महंगाई भत्ता, आवासीय टेलीफोन, परिवहन सुविधा, आवासीय आवास, निजी स्टाफ, सीजीएचएस और चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि के हकदार नहीं होंगे।

9. आईसीएमआर फाइल संख्या 20/01/24-हिंदी दिनांक 12.08.2024 के अनुसार कार्यभार ग्रहण करने या उसके पूरा होने पर टीए/डीए देय नहीं होगा।

10. हालाँकि, सरकारी कर्मचारी होने की स्थिति में, परामर्शक को सेवानिवृत्ति के समय उनकी पात्रता के अनुसार आधिकारिक कार्य के सिलसिले में देश के अंदर यात्रा के लिए यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दिया जाएगा। बाहरी पेशेवरों के लिए, नियमानुसार यात्रा का वर्ग/साधन केवल इकोनॉमी क्लास में ही होगा। परामर्शक को स्थानीय आधिकारिक ड्यूटी के लिए परिवहन सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

11. उपरोक्त पद से अपेक्षित कार्य निम्नानुसार है:

1. संस्थान में संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करना ।
2. परामर्शक संस्थान में राजभाषा से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों के संचालन के लिए जिम्मेदार होगा और संस्थान के बाहर आयोजित बैठकों जैसे संस्थान के अधिकारियों के साथ नगर राजभाषा समिति की बैठकों में भाग लेना आदि ।
3. प्रशासनिक एवं वैज्ञानिक साहित्य का हिंदी से अंग्रेजी में तथा अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद।
4. समय-समय पर मुख्यालय एवं राजभाषा विभाग को प्रस्तुत करने के लिए हिंदी रिपोर्ट तैयार करना।
5. निर्धारित समय के भीतर हिंदी कार्यशालाएं और राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठकें आयोजित करना।
6. कम्प्यूटर पर हिन्दी और अंग्रेजी में टाइपिंग करना ।
7. सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य कर्तव्य।

**भर्ती की प्रक्रिया:**

12. आयु मानदंड को पूरा करने वाले तथा अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी संबंधित शैक्षिक दस्तावेज, फोटोग्राफ/अनुभव प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश/वेतन पर्ची ऑनलाइन अपलोड की जानी चाहिए अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

13. ईमेल या भौतिक रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा

14. चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के बारे में ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन से संबंधित अपडेट के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखते रहें हैं।

15. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग उनकी शैक्षिक योग्यता और अनुभव के आधार पर की जाएगी। हालाँकि, यदि शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और उन सभी को बुलाना संभव नहीं है, तो नियुक्ति प्राधिकारी उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए उपयुक्त मानदंड निर्धारित कर सकता है।

16. अभ्यर्थी का चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

15. चयनित होने पर अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसापत्र आदि के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

16. चयनित अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए उपरोक्त सभी दस्तावेज मूल रूप में लाने होंगे।

**<u>नियम और शर्तें:</u>**

1. अपूर्ण आवेदन पत्र या निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत न किए गए आवेदन पत्र या बिना फोटो और हस्ताक्षर वाले आवेदन पत्र या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र को सामान्यत: अस्वीकार कर दिया जाएगा।
2. गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
3. परियोजना कर्मचारी को भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, सीसीए आदि का लाभ उपलब्ध नहीं होगा।
4. योग्यता और अनुभव प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में होना चाहिए तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
5. अनुभव की गणना पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पूरी करने के बाद ही की जाएगी।
6. आयु सीमा की कटऑफ तिथि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार मानी जाएगी।
7. निदेशक, आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर को बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है और इस मामले में किसी भी पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. निदेशक, आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर की वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
9. चयनित होने पर अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशंसा-पत्र आदि की स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।
10. किसी भी रूप में शॉर्टलिस्टिंग या रोजगार के लिए प्रचार करना या बाहरी दबाव डालना और डलवाना अयोग्यता माना जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।
11. केवल अनिवार्य योग्यता/अनुभव होना पूर्ति ही चयन की गारंटी नहीं है।
12. चूंकि यह पद पूर्णतः अस्थायी और संविदा के आधार पर भरा जाना हैं, अत: अभ्यर्थी को आईसीएमआर के अंतर्गत किसी भी प्रकार के नियमित/स्थायी रोजगार या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
13. आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर के निदेशक प्रतीक्षा सूची वाले उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है, जो एक वर्ष के लिए वैध होगा।
14. साक्षात्कार में भाग लेने या पदभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा चयन होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को पदभार ग्रहण करने के बाद साक्षात्कार की अवधि के लिए ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
15. किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त/विभाग/पीएसयू के अंतर्गत पहले से नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
16. उपरोक्त रिक्तियों के संबंध में किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र की सूचना केवल https://www.nari-icmr.res.in/ वेबसाइट पर जारी की जाएगी और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट (https://www.nari-icmr.res.in/) देखते रहें। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कृपया (https://www.nari-icmr.res.in/) देखें।

**निदेशक**

**आईसीएमआर- राष्ट्रीय ट्रांसलेशनल वायरोलॉजी एवं एड्स अनुसंधान संस्थान**
**(भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद)**
**प्लॉट नं.73, जी ब्लॉक, एमआईडीसी, भोसरी, पुणे - 411 026।**

**<u>आवेदन - प्रपत्र</u>**

**आवेदित पद : परामर्शक (हिंदी अनुवादक)**

अपना नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

**संदर्भ: विज्ञापन संख्या. आईसीएमआर-एनआईटीवीएआर/हिन्दी/स्था./001/2025-26 दिनांक** 15.07.2025

**श्रेणी (लागू श्रेणी पर √ निशान लगाएं)**

सामान्य ☐ अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐

शारीरिक रूप से विकलांग ☐

(सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

1. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ..............................................................

2. लिंग : पुरुष ☐ महिला ☐ वैवाहिक स्थिति : विवाहित ☐ अविवाहित ☐

3. जन्म तिथि : ..........................................................

4. पूर्ण वर्षों में आयु (31.07.2025 तक) : ......................

5. वर्तमान पता : ..............................................................................................
..............................................................................................

मोबाइल नंबर ..............................................
ईमेल आईडी ..............................................

6.स्थायी पता : ..............................................................................................
..............................................................................................

टेलीफोन नंबर ..............................................
मोबाइल नंबर ..............................................

7. राष्ट्रीयता ..............................................

8. अनिवार्य योग्यता: (डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र और अंक तालिका √ की फोटोकॉपी संलग्न करें)

| **परीक्षा** | **विषय** | **बोर्ड / परिषद / विश्वविद्यालय** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **कुल प्राप्त अंक** | **पुरस्कार / श्रेणी / विशिष्टता** |
|---|---|---|---|---|---|
| दसवीं | | | | | |
| बारहवीं | | | | | |
| स्नातक | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9. अनुभव: (कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियां संलग्न करें)

| वर्तमान एवं पूर्व नियोक्ता का नाम, पता एवं संपर्क नम्बर। | वर्तमान/पिछला पद | अवधि | | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

(यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट का प्रयोग करें)

10. अन्य योग्यताएं

| क्र.सं. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | अंकों का % |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11. कोई अन्य जानकारी जो आप देना चाहें:

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

12. जाँच सूची: (कृपया संलग्नक किए गए दस्तावेजों के सामने में नीचे दिए गए बॉक्स में का √ चिह्न लागाएं )

सभी प्रमाण पत्र विधिवत स्व-सत्यापित होने चाहिए और निम्नलिखित क्रम में संलग्न होने चाहिए:

| | | |
|---|---|---|
| i. | आयु के समर्थन में प्रमाण पत्र (10वीं कक्षा) | |
| ii. | 10+2 की अंक तालिका | |
| iii. | स्नातक की अंक तालिका | |
| iv. | स्नातक डिग्री एवं की अंक तालिका | |
| v. | अनुभव प्रमाण पत्र | |
| vi. | अंतिम वेतन प्रमाण पत्र | |
| vii. | सेवानिवृत्ति आदेश | |

## घोषणा

मैं, ________________________________________________ एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर झूठी या गलत पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना या किसी भी मुआवजे के रद्द/समाप्त की जा सकती है।

स्थान: __________________

दिनांक:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर ______________________

उम्मीदवार का पूरा नाम: ______________________